प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 10.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि सरकार देश में घरेलू एलपीजी की सौ प्रतिशत आपूर्ति कर रही है सुनिश्चित।**
2. **केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज रांची में 303 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास ।**
3. **रांची सदर अस्पताल परिसर में 200 बेड का अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक बनेगा, मरीजों को मिलेगी बेहतर और उन्नत इलाज की सुविधा।**
4. **अगले चार दिनों में तापमान में 5 से 7 डिग्री की बढ़ोतरी का अनुमान, पारा 40 डिग्री तक पहुंचने के आसार ।**
5. **35वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में झारखंड को मिला तीसरा स्थान, रांची में खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित।**

****

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि सरकार देश में घरेलू एलपीजी की सौ प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है और किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर पर गैस की कमी यानी ड्राई आउट की कोई स्थिति रिपोर्ट नहीं हुई है।

****

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज सुबह 10 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रांची की दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। करीब 303 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इन परियोजनाओं का उद्देश्य जाम की समस्या से राहत दिलाना और यातायात व्यवस्था को आधुनिक बनाना है। इन योजनाओं के पूरा होने से ट्रैफिक सुगम होगा, वहीं जमशेदपुर और हजारीबाग की ओर यात्रा करने वाले लोगों के समय में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।

****

रांची सदर अस्पताल परिसर में जल्द ही 200 बेड का अत्याधुनिक सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक बनाया जाएगा, जिससे मरीजों को बेहतर और उन्नत इलाज की सुविधा मिल सकेगी। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री अस्पताल कायाकल्प योजना के तहत राज्य के सभी सदर अस्पतालों को इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड, 2022 के अनुरूप विकसित करने पर जोर दिया गया।

****

हजारीबाग जिले के सुदूरवर्ती चुरचू प्रखंड की महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। इस पहल में सहयोगी सुमित्रा देवी ने बताया कि **'चुरचू नारी ऊर्जा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड'** का गठन कर 7 हजार से अधिक महिलाओं को इससे जोड़ा गया है, जिससे उन्हें आजीविका के नए अवसर मिल रहे हैं और उनकी आर्थिक स्थिति सशक्त हो रही है।

****

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा 2 से 3 सितंबर को **"मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता पंजी"** विषय पर प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि शोध–पत्रों के लिए एब्सट्रैक्ट जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है, जबकि स्वीकृति 17 मई तक और पूर्ण शोध–पत्र 24 जुलाई तक जमा करना होगा।

****

रांची के ग्रुप केन्द्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा शौर्य दिवस सम्मान और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बल के उन वीर सपूतों को याद किया गया, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। झारखंड सेक्टर के आईजी साकेत कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शहीदों को नमन किया। उनके साथ डीआईजी डीएन लाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पुष्पचक्र अर्पित कर वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

****

रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में मक्का पर तीन दिवसीय 69वीं वार्षिक कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला में देशभर से 250 से अधिक कृषि वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एम एल जाट ने कहा कि मक्का की खेती किसानों को अन्नदाता से ऊर्जादाता बनाने की क्षमता रखती है।

****

पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मुकेश कुमार ने रामगढ़ जिला स्थित सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित पुनर्विकास परियोजना' के कार्यान्वयन को लेकर विस्तृत निरीक्षण किया। मुकेश कुमार ने कहा कि इस पुनर्विकास परियोजना का उद्देश्य रजरप्पा को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित कर उसे वैश्विक पहचान दिलाना है।

****

रांची सिविल कोर्ट में 13 अप्रैल से न्यायिक कार्यों के समय में बदलाव किया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार, अदालत का संचालन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। इस दौरान सुबह 10 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक आधे घंटे का लंच ब्रेक निर्धारित किया गया है।

****

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में अधिकतम तापमान 35 से 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।

****

35वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता 2026 में अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत झारखंड ने तृतीय स्थान हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में शामिल डे बोर्डिंग रांची के पांच खिलाड़ियों का कबड्डी ग्राउंड में भव्य स्वागत किया गया, जहां उन्हें सम्मानित कर उनके प्रदर्शन की सराहना की गई।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने तीन राज्यों असम, पुडुचेरी और केरल में हुए मतदान में जोरदार वोटिंग की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर लिखता है – हजारीबाग में ट्रेजरी से 14 साल से हो रही थी गड़बड़ी, निकासी राशि 28 करोड़ तक पहुंची।

प्रभात खबर की सुर्खी है –सरकारी कर्मचारियों की प्रोन्नति का रास्ता साफ, हाईकोर्ट ने पुरानी वरीयता सूची के आधार पर होने वाली प्रोन्नति की बाधा को हटाया।

हिंदुस्तान ने लिखा है –पिपरवार में उग्रवादियों ने की अंधाधुंध फायरिंग, एक गंभीर।

दैनिक जागरण लिखता है– भारत की चार महिला मुक्केबाजों को गोल्डन पंच।

*********समाप्त***********